# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

**पी0 एम0 जी0 एस0 वाई0, खण्ड,**
**लो0 नि0 वि0, धारचूला,**
**(निकट एन0एच0पी0सी0 कॉलोनी, निगालपानी, (धारचूला)**

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

E-mail-eepmgsydharchula@rediffmail.com


पत्रांक–31 / बीएफ–पी0एम0जी0एस0वाई0 / 2025–26, दिनांक– 08 / 04 / 2025

सेवा में,

अधीक्षण अभियन्ता,
पी0एम0जी0एस0वाई0 वृत्त,
लो0नि0वि0, पिथौरागढ़।

**विषय :– एलागाड़ से जुम्मा मोटर मार्ग निर्माण कार्य में ग्रामीणों द्वारा किये जा रहे नापभूमि विवाद के सम्बन्ध में।**

संदर्भ :– ग्राम जुम्मा के ग्रामीणों का पत्र–शून्य दिनांक 14.02.2025, 31.01.2025 इस कार्यालय का पूर्व का पत्रांक 1006 / बीएफ–पी0एम0जी0एस0वाई0 / 2024–25, 1064 / बीएफ दिनांक 18.03.2025।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि नाबार्ड के अन्तर्गत अनुबन्ध संख्या–05/(K)/UT09-10/XXI/(I)NABARD/CE-URRDA/2023-24 Dated 20-11-2023 के माध्यम से एलागाड़ से जुम्मा मोटर मार्ग में किमी0 10.000 से 14.500 तक पहाड़ कटान का कार्य मैसर्स कुँवर कन्सट्रक्शन द्वारा कराया जा रहा है। वर्तमान में किमी0 12.600 तक मार्ग निर्माण किया जा सका है। किमी0 12.600 के उपरान्त स्थानीय ग्रामीणों द्वारा अपनी नापभूमि उपलब्ध न कराये जाने के कारण कार्य बाधित है। दिनांक 07.04.2025 को अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा स्थानीय ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्बन्धित विवादकर्ताओं से कार्यस्थल में वार्ता की गयी। सम्बन्धितों द्वारा यह कहकर कि भूमि उपलब्ध कराने के उपरान्त वे भूमिहीन हो जायेंगे, अपनी नापभूमि उपलब्ध नही करायी जा रही है। एवं किमी0 12.600 के हिल साइड में आवासीय भवन अवस्थित होने के कारण उक्त स्थान के समीप एच0पी0 बैण्ड निर्मित किया जाना भी सम्भव नही है। इससे पूर्व भी विभागीय अभियन्ताओं एवं राजस्व विभाग के साथ संयुक्त निरीक्षण के दौरान स्थानीय ग्रामीण श्री विशन सिंह पुत्र श्री जैंत सिंह एवं श्री नन्दन सिंह आदि द्वारा मार्ग निर्माण हेतु नापभूमि उपलब्ध नही करायी गयी। विवाद का निस्तारण न होने की दशा में उपरोक्त मार्ग की स्वीकृत लम्बाई (किमी0 14.500) तक मार्ग निर्माण करा पाना सम्भव नही हो पा रहा है। किमी0 11 में ग्राम एकला के ठीक ऊपर अवस्थित पहाड़ी में एच0पी0 बैण्ड के समीप से अवशेष लम्बाई में मार्ग निर्माण करने हेतु समरेखण परिवर्तन की कार्यवाही किये जाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि स्वीकृत लम्बाई तक निर्माण कार्य पूर्ण कराया जा सके एवं ग्राम जुम्मा के तोक लेक एवं बोरागॉव भी मार्ग से संयोजित हो सके।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

संलग्न- उपरोक्तानुसार,

08/04/2025

(इं0 किशन सिंह ऐरी)
अधिशासी अभियन्ता
पी0एम0जी0एस0वाई0खण्ड,
लो0नि0वि0 धारचूला

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यबाही हेतु प्रेषित।

1–मुख्य अभियन्ता, यू0आर0आर0डी0ए0, देहरादून।
2–मुख्य अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0 (कु0क्षे0) लो0नि0वि0 अल्मोड़ा।
3–जिलाधिकारी, पिथौरागढ़ को सूचनार्थ प्रेषित।
4–उपजिलाधिकारी, धारचूला को सूचनार्थ प्रेषित।
3–प्रशासक, क्षेत्र पंचायत, धारचूला।
4–प्रशासक, ग्राम पंचायत–जुम्मा, तहसील–धारचूला को इस अनुरोध के साथ कि मार्ग निर्माण हेतु ग्रामीणों से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर खण्ड को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि अवशेष लम्बाई में मार्ग निर्माण कार्य हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा सके।
5–सम्बन्धित अपर सहायक अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड, लो0नि0वि0, धारचूला को इस निर्देश के साथ कि किमी0 13 से वैकल्पिक समरेखण पर सर्वे करते हुए मार्ग की लागत सहित विस्तृत आख्या से अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायें।
6–मैसर्स कुँवर कन्सट्रक्शन, फुलतड़ी धारचूला को इस आशय से विवाद के निस्तारण अथवा अग्रिम आदेशों तक अनुबन्धानुसार निर्मित लम्बाई (किमी0 12.600 तक) में विद्यमान डिफेक्ट एवं स्टेज–1 के अन्य अवशेष कार्य पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें।
7–मैसर्स राजेन्द्र सिंह चुफाल, डीडीहाट को इस आशय से कि स्टेज–2 हेतु उपलब्ध लम्बाई (किमी0 12.600 तक) में अनुबन्धानुसार कार्य पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें।

08/04/2025

अधिशासी अभियन्ता
पी0एम0जी0एस0वाई0खण्ड,
लो0नि0वि0 धारचूला

सेवा में

श्रीमान अधिशासी अभियन्ता पी.एम.जी. एस.वाई. धारचूला

Executive Engineer
No.: 35/B.F
Date: 08/04/2025
PMGSY PWD Dharchula

प्रार्थी :— विशन सिंह धामी S/O जीत सिंह

ग्राम जुम्मा

पो० जुम्मा तह धारचूला जिला पिथौरागढ़

विषय : पी.एम.जी.एस.वाई. के तहत प्रार्थी के पास भूमि कम होने से सड़क निर्माण कार्य रुकवाया दिये जाने या अन्यत्र से कराने बाबत

महोदय

निवेदन इस प्रकार है कि प्रार्थी उपरोक्त नाम पते का निवासी है मोटर मार्ग निर्माण में प्रार्थी की कई जगह भूमि चली गयी है अब प्रार्थी के पास कम ही भूमि बची है इसलिए अब प्रार्थी गांव के नीचे रोड निर्माण हेतु अपनी भूमि नहीं दे सकता है।

अतः महोदय से प्रार्थना है कि प्रार्थी की भूमि में से मोटर निर्माण कार्य बन्द करा देने की कृपा करें।

[signature]
प्रार्थी

दि० 08-4-2025

JE/AAE. श्री विषय दि० 7/4/25 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा स्थल निरीक्षण कर संबंधितों से वार्ता की गयी, नापभूमि उपलब्ध न होने के दृष्टिगत किमी 13 से Alternate संरेखण पर Survey करते हुए विस्तृत आख्या उपलब्ध करायें।

[signature] 08/04/2025
E.E.